कबाड़ के गोदाम में भीषण आग लगी, लाखों रुपये का नुकसान हुआ

आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पास के एक अन्य गोदाम को भी चपेट में लिया

अजमेर, (निसं)। श्रीनगर रोड नाका मदार नेहरू नगर स्थित कबाड़ के गोदाम में बुधवार देर रात लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में उसने पास के एक अन्य गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर उठती लपटें दूर से दिखाई दे रही थी और क्षेत्र में धुएं का बादल फैल गया।

स्थानीय लोगों ने आग को देखकर अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। आग से गोदाम में रखे पुराने टायर और प्लास्टिक सामग्री जलकर राख हो गई। भीषण आग को देखते हुए फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियों ने दो-दो फेरे लगाए, तब जाकर आग पर नियंत्रण पाया जा सका। भीषण आग के कारण आसपास रहने वाले लोग पूरी रात दहशत में रहे। कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए ताकि फैलती लपटें और धुएं से सुरक्षित रह सके। आग को बुझाने का काम देर रात से लेकर गुरुवार तड़के तक चलता रहा। बीच-बीच में फिर से उठती लपटों ने मुसीबतें बढ़ा दी। प्लास्टिक और रबर सामग्री होने के कारण आग बार-बार धधक उठी थी, जिससे ऑपरेशन मुश्किल होता गया।

मौके पर पहुंचे दमकल वाहनों ने गोदाम में लगी आग बुझाई।

- गोदाम में मौजूद ज्वलनशील पदार्थ पुराने टायर और प्लास्टिक ने आग तेजी से फैलाई
- सात दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जांच में जुटी पुलिस

मुख्य अग्निशमन अधिकारी जगदीश प्रसाद फुलवारी ने बताया कि गोदाम में मौजूद अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ पुराने टायर और प्लास्टिक ने आग को तेजी से फैला दिया। यही कारण रहा कि पास वाले गोदाम को भी नुकसान पहुंचा।

कबाड़ गोदाम रवि जैन के अनुसार आग में जलकर नष्ट हुई सामग्री की कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर विभाग संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी अन्य कारण से। सूचना पर अलवर गेट थाना पुलिस वहां पहुंची और भीड़ को हटाकर फायर टीम को काम करने में मदद की। पुलिस क्षेत्र के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के समय मौजूद किसी भी संदिग्ध गतिविधि का सुराग मिल सके।

लूणकरनसर की झील में प्रवासी और विदेशी पक्षी आना शुरू

बीकानेर, (निसं)। जिले के लूणकरनसर में सेम के पानी से बनी झील में प्रवासी और विदेशी पक्षी आना शुरू हो गए हैं। इसके लिए विदेशी के साथ ही देशी पक्षियों का भी अध्ययन किया जा रहा है। वन विभाग ने इसके लिए पंद्रह नवम्बर से एक दिसम्बर तक अभियान चलाने का निर्णय किया है। इस दौरान गणना भी की जाएगी।

उप वन संरक्षक लखन सिंह ने बताया कि लूणकरणसर साल्टलेक पर प्रवासी और स्थानीय पक्षियों, स्थानीय वनस्पति, लुप्त हो रहे पक्षी, जलीय पक्षी और मछलियों आदि की वास्तविक जानकारी एकत्रित करने के लिए 15 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक गणना होगी। इसके लिए पर्यावरण प्रेमियों, वनस्पति विज्ञानियों, पक्षी विशेषज्ञों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आमंत्रित किया गया है। राज्य सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से रामसर साइट के लिए अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की लूणकरणसर साल्ट लेक का गजट नोटिफिकेशन 19 फरवरी 2024 को जारी किया जा चुका है।

- वन विभाग अभियान चलाएगा, 15 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक होगी गणना

वैटलैंड नियम 2017 के तहत वैटलैंड घोषित किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल 320 हेक्टेयर है। उन्होंने कहा कि रामसर स्थल का चयन होना जिले के लिए गौरव का विषय होगा। उन्होंने पर्यावरण प्रेमियों, वनस्पति विशेषज्ञों, पक्षी विशेषज्ञों और स्वयं सेवी संस्थाओं को सूचना दी है कि वन विभाग लूणकरणसर साल्ट लेक पर प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों, स्थानीय वनस्पति, संकटग्रस्त एवं जलीय पक्षियों, मछलियों की जानकारी एकत्रित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आव्हान किया है कि इनके द्वारा रामसर स्थल के लिए पक्षियों और वनस्पतियों आदि का डेटा और जानकारी एकत्रित करवाने में विभाग का सहयोग प्रदान करें। रामसर स्थल से संबंधित पक्षी, वनस्पति, मछली आदि से जुड़ा कोई भी डाटा अथवा जानकारी उपलब्ध है, तो वन विभाग को उपलब्ध करवाएं, जिससे जिले में अंतराष्ट्रीय महत्त्व के रामसर स्थल के लिए आवश्यक कार्यवाही करवाई जा सके।

कुख्यात अपराधी धनसिंह को हथियार उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

आरोपी पर जयपुर ग्रामीण पुलिस ने पांच हजार का इनाम घोषित कर रखा था

सरवाड़, (निसं)। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी धनसिंह को हथियार उपलब्ध करवाने वाले 'डी गैंग' के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर जयपुर ग्रामीण पुलिस ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी धनसिंह गैंग का सक्रिय बदमाश है तथा पिछले डेढ़ साल से फायरिंग व जानलेवा हमले जैसे गंभीर मामलों में फरार चल रहा था।

- दो नवंबर को पुलिस ने मुलजिम धनसिंह को हथियार समेत गिरफ्तार किया था

जानकारी के अनुसार दो नवंबर को पुलिस ने मुलजिम धनसिंह उर्फ धनसा उर्फ धनु प्रतापसिंह (46) पुत्र गजराज सिंह राजपूत निवासी पीपरोली थाना सराना को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से दो देशी पिस्टल व 12 बोर बंदूकें, छह जिंदा कारतूस व तीन गोल ग्रेनेडनुमा विस्फोटक जब्त किए थे। पुलिस ने आर्म्स एक्ट विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तथा धनसिंह से पूछताछ शुरु की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि धनसिंह को ये हथियार व गोला-बारूद वांछित अपराधी शिवराज सिंह उर्फ शिवसा पुत्र सुमेर सिंह निवासी जडावता थाना नरैना जिला जयपुर ग्रामीण द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। इस खुलासे के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसूचना इंटेलिजेंस के आधार पर शिवराज सिंह की तलाश की और उसे डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया।

सरवाड़ पुलिस ने कुख्यात धनसिंह को हथियार उपलब्ध कराने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी शिवराज सिंह के खिलाफ केकड़ी सदर बिजयनगर व दूदू में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई में सरवाड़ थानाधिकारी गिरिराज कुमार सराना, थानाधिकारी उगमाराम, सरवाड़ थाना पुलिस के कांस्टेबल राज किरण, शुभकरण हरिराम व दातार सिंह एवं सरवाड़ हनुमान साहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई है।

महिला की हत्या का खुलासा, दो आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मंगरोप थाना क्षेत्र में गत दिनों महिला की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर पुलिस थाना मंगरोप क्षेत्र में घटित घटना के खुलासे व आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पारस जैन आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय के निर्देशन में व माधव उपाध्याय (आईपीएस) सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत सदर के सुपरविजन में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। नौ नवम्बर की सुबह थाना मंगरोप पर सूचना मिली कि सरहद सालारीया में माधोपुरा रोड पर रोड की साइड में एक महिला की लाश पड़ी है। उक्त सूचना पर थाना मंगरोप से पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा, वहां पर मृतका की शिनाख्त की। जिस पर मृतका के पति द्वारा पेश रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

पुलिस ने बीटीएस लोकेशन, मृतका की घटना दिनांक को घर से रवाना होने से लेकर फैक्टरी व जिस स्थान पर मृतका की लाश पड़ी हुई मिली। उक्त स्थानों के मध्य पड़ने वाले समस्त सीसीटीवी कैमरों की फुटेज प्राप्त कर गहन विश्लेषण कर अज्ञात मुल्जिमानों की तलाश की गई। ठेकों के सेल्समैनों से घटना से संबंधित जानकारी प्राप्त की व साईबर टीम का गठन किया जाकर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का अवलोकन से मृतका के साथ में रास्ते में पड़ने वाले ठेके पर मृतका के साथ दो लड़के शराब के ठेके के पास में स्थित एक अण्डे की दुकान पर साथ में शराब का सेवन करते हुए एवं आपस में बातचीत करते हुए व लडकों द्वारा शराब के ठेके से ओर शराब खरीदते हुए एवं शराब खरीदने के उपरान्त उनमें से एक व्यक्ति द्वारा मोटरसाईकिल को चलाना व मृतका को मोटरसाईकिल पर बीच मे बिठाकर पीछे एक अन्य व्यक्ति द्वारा बैठकर तीनों एक ही मोटरसाईकिल पर चित्तौड रोड की तरफ जाते हुए दिखाई देने पर संदिग्ध दो व्यक्ति की पहचान हुई।

जिनको डिटेन कर पूछताछ की गई तो पाया गया कि दोनों व्यक्तियों द्वारा मृतका महिला के साथ चित्तौड़ रोड स्थित एक शराब के ठेके के पास अण्डे की दुकान पर बैठकर शराब का सेवन करना एवं मृतका को अपने साथ मोटरसाईकिल पर बीच मे बैठाकर चितौड रोड की तरफ से जाकर मण्डपिया माधोपुर रोड के किनारे सुनसान जंगल में ले जाकर तीनों के द्वारा शराब का सेवन कर महिला के साथ जबरन बलात्कार करना एवं मृतका के द्वारा आरोपियों से विरोध कर भागने के लिए मजबूर होने पर मृतका आरोपियों से पीछा छुडाकर भागती हुई रोड पर आई। अंधेरे में ट्रेक्टर-ट्रॉली से टकरा जाने से दुर्घटना होने के उपरान्त मृतका को उपचार के लिए नहीं ले जाकर बिना किसी को सुचित किए मृतका को रोड से घसीटकर सबूत मिटाने के आशय से झाड़ियों में पटक देना और उसका चेहरा कपडे से ढककर फरार हो जाना प्रथम दृष्टया अनुसंधान में पाया जाने से दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

स्ट्रीट लाइट टेंडर में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग

भरतपुर, (निसं)। नगर निगम द्वारा शहर में 6 करोड़ रुपये की लागत से लगाई जाने वाली स्ट्रीट लाइट के टेंडर में हुए भ्रष्टाचार की जांच एवं दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने संभागीय आयुक्त को पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया है कि स्वायत्तशासी संस्था में हो रहे इस तरह के भ्रष्टाचार से लोगों में नकारात्मक सोच बनने लगी है। गुप्ता द्वारा लिखे पत्र में कहा है कि स्ट्रीट लाइट के टेंडर में अपनी चहेती फर्म को लाभ पहुँचाने के लिए नियमों को दरकिनार किया गया। इस भ्रष्टाचार के उजागर होने के बाद भी जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पत्र में यह भी कहा है कि निगम द्वारा किये गए अन्य विभागीय कार्यों की जाँच भी कराई जाए तो निगम में हो रहे भ्रष्टाचारों की परतें भी खुल सकती हैं। इसी प्रकार गोलमोल बगीची के पास स्थित कुंडे की जीर्णोद्धार पर करीब 5 करोड़ रुपये व्यय किये गए लेकिन कुंडे को देखने से नहीं लगता है कि इस का जीर्णोद्धार नियमानुसार व तकमीना के अनुसार हुआ है। कुंडे के चारों तरफ किया गया कार्य क्षतिग्रस्त हो चुका है तथा चारदीवारी भी जीर्ण-शीर्ष होकर गिरने लगी है। पत्र में आग्रह किया है कि निगम व बी डी ए ने शहर के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये का ऋण ले रखा है, यदि इस ऋण की राशि से कराए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार होता है तो भरतपुरवासियों में दोनों संस्थाओं के प्रति नकारात्मक सोच बनती जा रही है, जिसकी जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। सागवाड़ा थाना क्षेत्र के नंदौड गांव में खेतों में जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से किसान की दबने मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर किसी को बताए बिना घर जाकर सो गया। सुबह जब किसान की बेटी पिता को खोजते हुए खेत पहुंची, तो हादसे का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार मनजी सिंघाडा पुत्र रुपए सिंघाडा, मूल निवासी जोहनिया माफी थाना गढी बांसवाड़ा था। वह पिछले एक वर्ष से नंदौड गांव में अपने परिवार के साथ रहकर खेती-बाड़ी करता था।

- हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर किसी को बताए बिना घर जाकर सो गया

मृतक के भाई वीरजी सिंघाडा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि बुधवार रात मनजी खेतों में ट्रैक्टर से जुताई का कार्य करवा रहा था। गांव का ही मगन पुत्र धारजी बामनिया ट्रैक्टर चला रहा था। इस दौरान रिवर्स लेते समय ट्रैक्टर अचानक बेकाबू होकर गड्ढे में पलट गया। मनजी ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घबराए ड्राइवर मगन ने किसी को कुछ नहीं बताया और चुपचाप घर जाकर सो गया। देर रात जब मनजी घर नहीं लौटा तो उसकी बेटी पिंकी उसे खोजते हुए खेतों की ओर पहुंची, जहां उसने यह मंजर देखा।

सूचना मिलते ही परिजन बांसवाड़ा से नंदौड गांव पहुंचे। शव को सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत, भाई घायल

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे टीडी सर्विस लाईन पर ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई तथा उसका भाई घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकरी के अनुसार बुधवार रात को टीडी थानाक्षैत्र सर्विस रोड़ पर ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राहुल (18) पुत्र लक्ष्मण निवासी पडूणा की मौत हो गई तथा उसका भाई संदीप (21) घायल हो गया। जिसे जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। दोनों बाइक से शहर से उदयपुर लौट रहे थे। जहां पडूणा सर्विस लाईन पर लघुशंका करने रूके थे। इस दौरान हादसा हो गया।

उपचार के दौरान महिला की मौत : उदयपुर में टेम्पो की टक्कर से घायल स्कूटी सवार महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे पूर्व तीन दिन पूर्व उसकी दुधमुंही पुत्री को मौत हो चुकी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र भानु कुमार शास्त्री एनक्लेव आर 5 निवासी हर्षिता श्रीमाली (38) पत्नी प्रकाश श्रीमाली की हादसे में घायल होने से मौत हो गई। रविवार को हर्षिता अपनी दुधमुही पुत्री मानवीक (3) स्कूटी पर लेकर दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर की तरफ जा रही थी। जहां बीच रास्ते में टेंपो वाहन ने स्कूटी को चपेट में ले लिया था। जिससे दोनों को घायल अवस्था में चिकित्सालय पहुंचाया, जहां मानवीक की पूर्व में मृत्यु हो गई थी, जबकि हर्षिता उपचाररत थी। एएसआई धर्मवीरसिंह ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से दुष्कर्म

बीकानेर, (निसं)। महिला को मिठाई में नशा देकर बेसुध और उसके साथ दुष्कर्म करने, अश्लील फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की ओर से कोटगेट थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि वह विवाहिता है और वर्ष, 2020 में पति से अलग हो गई। उसके बाद वह सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करने लगी। इस दौरान उसकी कंपनी में ही काम करने वाले सिक्यूरिटी गार्ड ललित राणा से जान-पहचान हो गई। वह बीमार हुई तो राणा उसके घर आने-जाने लगा। इस दौरान 25 अप्रैल को राणा मिठाई लेकर उसके घर पहुंचा और प्रसाद बताकर उसे खिला दी। इससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में राणा ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो खींच ली। बाद में फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। उससे 53 हजार रुपए भी ऐंठ लिए। सादे कागजों पर हस्ताक्षर भी कराए। आरोपी उसे जयपुर ले गया और वहां होटल में भी दुष्कर्म किया। राणा के परिजनों ने भी जान से मारने की धमकी दी। कोटगेट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शिक्षक पर छात्रा से अशोभनीय व्यवहार का आरोप

पोकरण, (निसं)। पोकरण शहर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बिलिया (पोकरण) में गुरुवार सुबह उस समय हंगामा मच गया, जब विद्यालय के एक शिक्षक पर छात्रा के साथ अशोभनीय व्यवहार करने का आरोप लगा।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक, ग्रामीण और छात्र विद्यालय परिसर में एकत्रित हो गए। आक्रोशित लोगों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और आरोपी शिक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुशीला और अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमशंकर जोशी मौके पर पहुंचे और अभिभावकों से बातचीत कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया।

- अभिभावक, ग्रामीण और छात्रों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

अभिभावकों का आरोप है कि छात्रा ने शिक्षक की हरकत की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद मामला सामने आया। घटना फैलते ही पूरे क्षेत्र में रोष व्याप्त हो गया और विद्यालय में शिक्षण कार्य ठप पड़ गया। ग्रामीणों और अभिभावकों ने आरोपी शिक्षक के साथ-साथ मामले को दबाने में शामिल कार्यवाहक प्रधानाचार्य पर भी कार्रवाई की मांग की। समझाइश के बावजूद लोग आरोपी की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। मौके पर उपखंड अधिकारी हीर सिंह चारण, थानाधिकारी छत्तर सिंह देवडा, सीबीईओ सुशीला, एसीबीईओ हेमशंकर जोशी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं परिजनों की ओर से पार्षद आईदान पंवार, मांगीलाल गहलोत, धूडाराम माली, जगदीश माली, रामेश्वर गहलोत और ईश्वर माली सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। वहीं प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता में यह तय हुआ कि यदि सोमवार तक आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी नहीं होती, तो माली समाज और शहरवासी पुनः धरना प्रदर्शन करेंगे।

उदयपुर : राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यमिता कार्यशाला का समापन

उदयपुर/जयपुर। राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यमिता कार्यशाला के समापन सत्र के रूप में आयोजित बॉयर-सेलर मीट ने एसएचजी उद्यमों, उत्पादक समूहों, किसान उत्पादक संगठनों और देशभर के प्रमुख संस्थागत खरीदारों के बीच प्रत्यक्ष बाजार संवाद के लिए एक अभूतपूर्व मंच तैयार किया। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य महिला संचालित ग्रामीण उद्यमों के लिए मूल्य श्रृंखला एकीकरण को मजबूत करना हैं।

बैठक की अध्यक्षता स्वाति शर्मा, आईएएस, संयुक्त सचिव (ग्रामीण आजीविका), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा नेहा गिरि,आईएएस, राज्य मिशन निदेशक, राजीविका ने की। इस अवसर पर आर.वी. शाजीवना, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तमिलनाडु एसआरएलएम भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बाजार पहुँच एवं उद्यम विकास के लिए टीएन-एसआरएलएम द्वारा अपनाई गई प्रमुख रणनीतियों को साझा किया।

उदयपुर में राष्ट्रीय कृषि एवं पशुपालन उद्यमिता कार्यशाला का समापन सत्र आयोजित हुआ।

एसएचजी महिलाओं के लिए बाजार पहुँच को सशक्त बनाना :- राजीविका द्वारा राजस्थान के 41 जिलों से बाजार-उपयुक्त उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जो मसाले, शहद, पशुधन उत्पाद, अनाज, प्राकृतिक खेती उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में संलग्न हजारों एसएचजी महिलाओं के कार्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। बॉयर-सेलर मीट में खाद्य, कृषि, मसाले, पशुधन, प्रसंस्करण और निर्यात क्षेत्रों की 25 से अधिक कंपनियाँ शामिल हुईं, जिन्होंने सामुदायिक संस्थानों के साथ संरचित संवाद स्थापित किए।

महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन :- कई प्रमुख कंपनियों ने राजीविका के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें एसएचजी उद्यमों से बड़े पैमाने पर क्रय की तत्परता व्यक्त की गई। ये प्रतिबद्धताएँ ग्रामीण उत्पादकों के लिए सुनिश्चित बाजारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

खरीदार-विक्रेता बैठक के प्रमुख परिणाम :- इस बैठक से प्रत्यक्ष विपणन चैनल स्थापित कर एसएचजी, पीजी एवं एफपीओ ने बिचौलियों को दरकिनार करते हुए सीधे खरीदारों से संबंध स्थापित हुए। राजस्थान के ग्रामीण उत्पाद अनाज, शहद, पशुधन नस्लें एवं प्राकृतिक खेती उत्पादों में उच्च मात्रा की खरीद में रुचि दिखाई। कई खरीदारों ने एसएचजी महिलाओं को खरीद, प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स श्रृंखला में शामिल करने की तत्परता दिखाई। राष्ट्रीय स्तर के खरीदारों ने एसएचजी उत्पादों की गुणवत्ता, स्थिरता और विविधता की सराहना की। 25 से अधिक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों की भागीदारी से अंतर-राज्यीय सीख और सहयोग को बढ़ावा मिला।

- तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन बाजार विश्वास, संस्थागत सहयोग और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ हुआ

राष्ट्रीय कार्यशाला का ऐतिहासिक समापन :- तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन बाजार विश्वास, संस्थागत सहयोग और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ हुआ। खरीदारों की सक्रिय भागीदारी, एसएचजी उत्पादों में गहरी रुचि और ग्रामीण महिला उत्पादकों के उत्साह ने राजस्थान की महिला संचालित ग्रामीण उद्यिमता में अग्रणी भूमिका को पुनः स्थापित किया। यह कार्यशाला ग्रामीण मूल्य श्रृंखलाओं के विस्तार, आजीविका विविधीकरण को गहराने और लाखों एसएचजी महिलाओं को सतत उद्यमी एवं भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की प्रमुख योगदानकर्ता बनने के लिए सशक्त करने हेतु एक मजबूत आधार तैयार करती है।

अनैतिक कार्य की सूचना पर होटल में छापा मारा

डूंगरपुर, (निसं)। स्पेशल पुलिस टीम ने धम्बोला थाना क्षेत्र के पीठ कस्बे में भाजपा सलारेश्वर मंडल उपाध्यक्ष की एक होटल पर छापेमारी की। होटल में वैश्यावृत्ति में लिप्त होने के आरोप में एक युवती और दो युवकों को पकड़ा गया है। पुलिस ने पीटा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

धम्बोला थाना क्षेत्र के पीठ कस्बे में स्थित होटल में अवैध गतिविधियों की शिकायतें लगातार मिल रही थी। इन शिकायतों पर जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से गठित स्पेशल टीम ने बुधवार रात कार्यवाही की। टीम के होटल पहुंचते ही हड़कंप मच गया। काउंटर पर एक युवक बैठा मिला, जबकि एक कमरे में एक युवक और युवती मौजूद थे। होटल पर ठहरने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। स्पेशल टीम ने मौके से युवती और दोनों युवकों को डिटेन कर धम्बोला थाना पुलिस को सुपुर्द किया। बाद में पुलिस ने तीनों को पीटा एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि होटल में इस तरह की गतिविधियां कब से चल रही थी और इसमें अन्य कौन लोग शामिल हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित होटल भाजपा सलारेश्वर मंडल उपाध्यक्ष महिपालसिंह की है।

होटल पर छापेमारी के बाद भाजपा सलारेश्वर मंडल उपाध्यक्ष महिपालसिंह ने बताया कि होटल उन्होंने अप्रैल महीने से किराए पर दिया हुआ है। किरायेदार ही होटल का संचालन कर रहे हैं। अगर होटल में गलत काम किया जा रहा है, तो वे उसे खाली करवाएंगे और पुलिस अपनी कार्यवाही करें।

सड़क हादसे में युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात में प्रतापनगर थाना क्षेत्र अनियंत्रित ट्रक से बाइक टकरा गई। हादसे में चालक घरहरा भगुआ केमुर बिहार हॉल मेडता डबोक निवासी रवि (28) उज्ज्वल पुत्र विद्यासागर सिंह की मौत हो गई। रवि मादड़ी इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था। बुधवार रात में बाइक पर शहर से गांव लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक गाड़ी मोड़ दी जिससे बाइक जा टकराई। हदसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। इस पर एएसआई भगवत सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।